भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1924

जिसका उत्तर 11.12.2025 को दिया जाना है

केंद्रीय सड़क निधि

1924. श्री भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को महाराष्ट्र के शिरडी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की 14 सड़कों को निर्माण या सुधार हेतु केंद्रीय सड़क निधि (सीआरएफ) के अंतर्गत शामिल करने के लिए जनप्रतिनिधियों से कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में अब तक हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) जी, हां। सरकार को केंद्रीय सड़क और अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) योजना के अंतर्गत महाराष्ट्र राज्य में शिरडी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के 14 कार्यों के निर्माण/मरम्मत के संबंध में अनुरोध प्राप्त हुआ है। सीआरआईएफ योजना के तहत मंजूरी के लिए परियोजनाओं को प्राथमिकता देने हेतु कार्यों की सूची महाराष्ट्र राज्य सरकार को अग्रेषित कर दी गई है। राज्य सरकार द्वारा अनुशंसित कार्यों की परस्पर प्राथमिकता के आधार पर, चालू वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान महाराष्ट्र राज्य के लिए सीआरआईएफ के अंतर्गत 1688 करोड़ रुपये की लागत से 103 कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें शिरडी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में निम्नलिखित 3 कार्य शामिल हैं:

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु. करोड़ में)
1	जिला-अहिल्यानगर, तालु.-कोपरगांव में किमी 103/200 से 105/600 तक एसएच-222 तोलारखिंड कोतुल सवारचोल संगमनेर कोपरगांव उक्काडगाव वैजपुर रोड (एसएच-65) का सुधार कार्य	20.00
2	प्रवरा नदी पर एप्रोच रोड के साथ बड़े पुल का निर्माण, खिरडी (ओडीआर 50) तालु.-श्रीरामपुर, जिला-अहिल्यानगर से तिलापुर (वीआर 90) तालु.-रहुरी जिला-अहिल्यानगर	20.00
3	कोल नदी पर बड़े पुल का निर्माण, सावतसर भोजडे धोत्रे रोड (एमडीआर 5) किमी 24/00 जिला-अहिल्यानगर	7.00
	कुल	47.00

*****